**Aetna Better Health® of New York**
101 Park Avenue, 15th Floor
New York, New York 10178

**स्वास्थ्य से जुड़ी सामाजिक ज़रूरतों (HRSN) की स्क्रीनिंग और सेवाएँ**

अतिरिक्त सेवाओं को शामिल करने हेतु आपके मेंबर हैंडबुक को बदल दिया गया है

**1 जनवरी 2025** से, आप अपने समुदाय में ऐसे संगठनों से जुड़ सकते हैं जो क्षेत्रीय सोशल केयर नेटवर्क (SCN) के ज़रिए, आपको बिना किसी शुल्क के हाउसिंग, परिवहन, और देखभाल प्रबंधन के कामों में मदद करते हैं.

- इस SCN के ज़रिए, आप सोशल केयर नेविगेटर से मिल सकते हैं, जो आपके स्वास्थ्य और कल्याण में मदद करने वाली सेवाओं के लिए आपकी योग्यता की जाँच करता है. आपको अतिरिक्त सहायता की ज़रूरत कहाँ-कहाँ पड़ सकती है, यह पता करने के लिए वे आपसे कुछ सवाल पूछेंगे.

- अगर आप सेवाओं के लिए योग्य पाए जाते हैं, तो सोशल केयर नेविगेटर आपको ज़रूरी सहायता प्रदान करने में आपकी मदद कर सकता है. आपकी स्थिति को ध्यान में रखते हुए, आप एक से ज़्यादा सेवाओं के लिए योग्य हो सकते हैं. इन सेवाओं में शामिल है:
    - हाउसिंग और यूटिलिटी से जुड़ी सहायता:
        - अपने घर को सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने के लिए रैंप, हैंडरेल और ग्रैब बार जैसे घरेलू संशोधन लगवाना.
        - पानी के रिसाव की मरम्मत कराना और उसे सही कराना, ताकि आपके घर में फ़ंगस फैलने से रोका जा सके.
        - छेदों और दरारों को भरना, ताकि कीटाणु आपके घर में ना आ सकें.
        - एयर कंडीशनर, हीटर, ह्युमिडिफ़ायर या डिह्युमिडिफ़ायर उपलब्ध कराना, ताकि घर में हवा की आवाजाही बेहतर हो सके.
        - समुदाय में आपके लिए सुरक्षित और टिकाऊ घर ढूँढ़ने और उसके लिए आवेदन करने में आपकी मदद करना.

- परिवहन सेवाएँ:
    - SCN की और से अनुमति मिली जगहों पर पहुँचने के लिए सार्वजनिक या निजी परिवहन की सुविधा प्रदान करने में आपकी मदद करना, जैसे: आपके नौकरी के लिए इंटरव्यू देने, पैरेंटिंग क्लासेज़, घर से बेदखली को रोकने के लिए हाउसिंग कोर्ट, और अहम दस्तावेज़ों को हासिल करने के लिए शहरी या राज्य विभाग के कार्यालय जैसी जगहों पर जाना.

- देखभाल प्रबंधन सेवाएँ:
    - कोई नौकरी तलाशने या नौकरी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने, सार्वजनिक सुविधाओं के लिए आवेदन करने, अपने वित्त का प्रबंधन करने जैसे अन्य कामों में सहायता प्राप्त करना.
    - चाइल्डकेयर, काउंसलिंग, आपदा प्रबंधन, हेल्थ होम कार्यक्रम आदि सेवाओं से जुड़ना.

अगर आप ये सेवाएँ लेना चाहते हैं, तो कृपया TTY/TDD सेवाओं के लिए, सदस्य सेवाओं को 855-456-9126 पर कॉल करें, NY Relay 711 पर कॉल करें और हम आपका संपर्क आपके इलाके के SCN से कराएँगे. सोशल केयर नेविगेटर आपकी योग्यता की पुष्टि करेंगे और आपको इन सेवाओं के बारे में समझाने के साथ-साथ इन्हें आप तक उपलब्ध कराने में मदद करेंगे.